NAME	PLACE	DATE	PAGE
Loksatya	New Delhi	December 24, 2014	

आज का युग कम्प्यूटर के बिना संभव नहीं : सतीश

नई दिल्ली, लोकसत्य। दिल्ली भाजपा के अध्यक्ष सतीश उपाध्याय ने एक कार्यक्रम में कहा कि पूर्वी दिल्ली नगर निगम पहली ऐसी निगम है जिसने कम्प्यूटर शिक्षा के क्षेत्र में एक बड़ा काम कर दिखाया है। उन्होंने कहा कि आज का युग कम्प्यूटर के बिना संभव नहीं है, जिसे कम्प्यूटर नहीं आता वह अपने आप को विकलांग महसूस करता है। उन्होंने कहा कि कम्प्यूटर शिक्षा के माध्यम से पूर्वी दिल्ली नगर निगम के 200 स्कूलों के बच्चों को शिक्षित किया जाएगा। उन्होंने कहा कि कम्प्यूटर शिक्षा का उद्देश्य बच्चों को कम्प्यूटर का उपयोग तथा आधुनिक उपकरणों से शिक्षा ग्रहण कराना है। उन्होंने कहा कि कम्प्यूटर शिक्षा के माध्यम से बच्चे अपने देश व देश की संस्कृति को जाने तथा बच्चों को देश के लिए क्या करना है, उसे भी जाने।

उपाध्याय ने पूर्वी दिल्ली नगर निगम के मुख्यालय, के ऑडोटोरियम में 'शिक्षित बच्चे - सशक्त बच्चे' कार्यक्रम का उद्घाटन किया जिसका उद्देश्य बच्चों को कम्प्यूटर की शिक्षा देना है। इस अवसर पर पूर्वी दिल्ली की महापौर मीनाक्षी, स्थायी समिति के अध्यक्ष, बीबी त्यागी सदन के नेता, रामनारायण दूबे व निगम के अन्य नेतागण मौजूद थे। मेयर मीनाक्षी ने बताया कि आज के समय की जरूरत कम्प्यूटर शिक्षा ग्रहण करना है। उन्होंने कहा कम्प्यूटर शिक्षा के माध्यम से बच्चों का मानसिक व बौद्धिक विकास करना है। उन्होंने कहा 'वेबल' नामक संस्थान के सहयोग से कम्प्यूटर एडित लरनिंग कार्यक्रम 19.80 करोड़ की लागत से तैयार किया गया है। उन्होंने कहा कि प्रत्येक स्कूल में 10 कम्प्यूटर लगाये जायेंगे, जिससे एक सर्वर से कनेक्ट किया जाएगा। उन्होंने कहा प्रत्येक स्कूल में दो अध्यापकों को भी कम्प्यूटर शिक्षा की ट्रेनिंग दी जायेगी।